# सेवानिवृत्ति विदाई समारोह मार्च २०२६

## राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, उत्तर प्रदेश

दिनांक 30 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा श्री अरविन्द मिश्रा, वैज्ञानिक-ई, को उनके भारत सरकार सेवा से अधिवर्षिता पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्री मिश्रा के उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवा जीवन के सफल एवं गौरवपूर्ण समापन का अवसर भी रहा।

सर्वप्रथम पूर्वाह्न श्री अभिषेक सिंह, महानिदेशक, एन.आई.सी. महोदय ने श्री अंशु रोहतगी, वैज्ञानिक - एफ एवं एएसआईओ एवं श्रीमती वन्दना सिंह, वैज्ञानिक-एफ एवं अध्यक्षा, कल्याण समिति की उपस्थिति में सेवानिवृत्ति प्राप्त कर रहे अधिकारी, श्री मिश्रा जी, से वी. सी. के माध्यम से वार्ता की एवं अपना सन्देश उन तक पहुँचाया।










महानिदेशक महोदय से वी. सी. में सेवानिवृत्ति प्राप्त कर रहे सभी राज्यों के अधिकारी / कर्मचारी जुड़े एवं वार्ता की।

तत्पश्चात कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने सहभागिता की तथा अपने कार्यकाल के दौरान श्री मिश्रा द्वारा प्रदान किए गए उल्लेखनीय योगदानों की सराहना की। समारोह में उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र भी उपस्थित रहे जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुनील शर्मा, उप महानिदेशक, उ. प्र. द्वारा श्री अरविन्द मिश्रा को पुष्प गुच्छ प्रस्तुत कर एवं श्री अंशु रोहतगी द्वारा श्री मिश्रा के माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्बोधन प्रस्तुत किए गए।







श्री सुनील शर्मा, उप महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, ने अपने सम्बोधन में श्री मिश्रा की कार्यशैली, उत्कृष्टता, निष्ठा एवं ईमानदारी को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय ई- गवर्नंस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में श्री मिश्रा की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही।

सहकर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए उनके कार्य के प्रति विशिष्ट दृष्टिकोण एवं निष्ठा की सराहना की। सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार में श्री मिश्रा द्वारा स्थापित सामंजस्य एवं कार्य प्रणाली सबने सराही। साथ ही उनके सौम्य एवं गंभीर व्यवहार भी सराहनीय रहा|















अपने विदाई सम्बोधन में श्री मिश्रा ने अपने सहकर्मियों, अधीनस्थों तथा संगठन के प्रति अपनी गहन कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने अपनी सेवाकाल से प्राप्त अनुभवों का साझा करते हुए अपने साथियों के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की।











एन.आई.सी की ओर से सम्मान एवं कृतज्ञता भाव रूप स्मृति चिन्ह एवं भेंट श्री अरविन्द मिश्रा जी को प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सुश्री वन्दना सिंह, वैज्ञानिक-एफ एवं अध्यक्षा, कल्याण समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मंच संचालन मनोरम रूप से श्री विष्णु स्वरुप , वैज्ञानिक-सी द्वारा किया गया एवं सराहनीय रहा।















समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में हुआ, जहाँ उपस्थित सभी सदस्यों ने श्री अरविन्द मिश्रा जी को सेवानिवृत्ति के उपरांत परिवार के साथ सुखी, स्वस्थ एवं संतुष्ट जीवन हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# Farewell Function on Superannuation- March 2026

## National Informatics Centre, Uttar Pradesh

A farewell function was organized on 30th March 2026 by the National Informatics Centre, Uttar Pradesh State Centre, Lucknow, to bid farewell to Shri Arvind Mishra, Scientist-E, on the occasion of his superannuation from the Government of India, marking the conclusion of a dedicated career in public service.

The program commenced as Shri Abhishek Singh, Director General, NIC, interacted via video conference with the retiring officials and conveyed his message to them, in the presence of Shri Anshu Rohtagi, Scientist- F & ASIO, Uttar Pradesh, and Smt. Vandna Singh, Chairperson, Welfare Committee.










All the retiring officers and employees from various states joined the video conference with Director General sir and participated in the interaction.

Further, the program was attended by senior officers and colleagues who assembled to acknowledge and commend the significant contributions rendered by Shri Mishra during his tenure. His wife and son were also present, adding grace to the ceremony. The function commenced with a formal welcome as Shri Sunil Sharma. DDG, UP presented flower bouquet and Shri Anshu Rohtagi presented garland to Shri Mishra. Addresses of senior officials followed.







Shri Sunil Sharma, highlighted the professional excellence, commitment, and integrity consistently demonstrated by Shri Mishra. He made special mention of Shri Mishra's role in the implementation of various projects under the National e-Governance Programme, across various departments and key offices of the Government of Uttar Pradesh.

Colleagues shared personal experiences and expressed admiration for Shri Mishra's unique work style, strong team spirit, and mentorship. His exceptional command over the Secretariat Administration Department, Uttar Pradesh, became a highlight of the evening. His gentle demeanor, courteous behavior, and strong work ethic earned him deep respect and affection from everyone in the organization.










In his farewell address, Shri Arvind Mishra expressed heartfelt gratitude to his colleagues, subordinates, and the organization for their continual support throughout his professional journey. He shared insights from his years of service and conveyed his best wishes for the continued progress of organization in the years ahead.







As a gesture of respect and gratitude, a ceremonial presentation and token of appreciation were offered to Shri Mishra on behalf of the organization.

The Vote of Thanks was proposed by Ms. Vandna Singh, Scientist-F and Chairperson, Welfare Committee.

The event was conducted with enthusiasm and professionalism by Shri Vishnu Swaroop, Scientist-C, and was widely appreciated.














The function concluded on a warm and cordial note, with all attendees extending their best wishes to Shri Arvind Mishra for a happy, healthy, and fulfilling post-retirement life.